

# अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक की कलम से...

1 फरवरी, 2021

*प्रिय साथियों,*

आपके निरंतर प्रयासों के माध्यम से एक संगठन के रूप में हमने जलविद्युत परियोजनाओं के विकास में अपना एक विशिष्ट स्थान बनाया है। वर्षों से हो रही हमारी वृद्धि हमारे साथ जुड़े प्रत्येक व्यक्ति के प्रयासों का एक संचित परिणाम है। आपकी बदलते परिदृश्य के अनुकूल होने की इच्छा ही ने हमें विकास के पथ पर अग्रसर होने में मदद की है। हम आपके सहयोग से अपनी व्यापार यात्रा के उतार–चढ़ाव में पूरी तरह से मार्गनिर्देशन करने में सक्षम हुए हैं। एनएचपीसी के लिए आपने जो नाम और प्रतिष्ठा अर्जित किया है, वह चुनौतियों में अवसरों को खोजने की आपकी इच्छा और कार्यक्षमता के कारण है और आपकी यही विशिष्ट विशेषता मुझे भविष्य के लिए साहस, आत्मविश्वास और आशा प्रदान करती है। आपकी क्षमताओं में अटल विश्वास करके, मैं नई परियोजनाओं को लेने के लिए विद्युत मंत्रालय और अन्य राज्य सरकारों से अनुरोध कर रहा हूं। अब, जब हमें एक संगठन के रूप में समृद्ध होने के लिए नए व्यवसाय और अवसर मिल रहे हैं, तब मुझे विश्वास है कि आप पिछली उपलब्धियों को पार करते हुए नए कीर्तिमान स्थापित करेंगे।

यह नव वर्ष एनएचपीसी के लिए शुभ अवसर के साथ शुरू हुआ है। एक ऐतिहासिक क्षण में, 4134 मेगावाट की कुल संस्थापित क्षमता वाली 5 परियोजनाओं के निष्पादन के लिए 03.01.2021 को जेकेएसपीडीसी के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इन 5 परियोजनाओं में से, 1856 मेगावाट सावलकोट, 240 मेगावाट उड़ी–1 (चरण–II) और 258 मेगावाट दुलहस्ती (चरण–II) परियोजनाएं एनएचपीसी द्वारा कार्यान्वित की जाएंगी, जबकि 930 मेगावाट किरथई–II को सीवीपीपीपीएल द्वारा विकसित किया जाना है और एनएचपीसी एवं जेकेएसपीडीसी के बीच संयुक्त उद्यम द्वारा 850 मेगावॉट की रतले जलविद्युत परियोजना का निर्माण किया जा रहा है। सरकार हम पर विश्वास कर रही है। अब हमारे पास नई परियोजनाओं की कमी नहीं है। हमें प्रत्येक कार्मिक से इन परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए प्रतिबद्धता, सत्यनिष्ठा और समर्पण की आवश्यकता है। यदि हम इस दृष्टिकोण का अनुसरण करते रहेंगे, तो हम सभी का भविष्य उज्ज्वल और सुखदायक होगा। परियोजनाओं के लिए मंजूरी प्राप्त करने में शामिल निगम मुख्यालय में हमारी टीम अच्छा कार्य कर रही है और मुझे आशा है कि 500 मेगावाट की डुगर जलविद्युत परियोजना के लिए सीईए / विद्युत मंत्रालय और अन्य कार्यालयों से सभी अपेक्षित मंजूरियाँ दो महीने के भीतर मिल जाएगी।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 20.01.2021 को 850 मेगावाट की रतले जलविद्युत (एचई) परियोजना के कार्यान्वयन के लिए 5281.94 करोड़ रूपए का निवेश अनुमोदन को मंजूरी प्रदान की है। हमारी तकनीकी और प्रबंधकीय क्षमताओं को प्रदर्शित करने और 60 माह की निर्धारित समय सीमा के भीतर परियोजना को निष्पादित करने का दायित्व अब हम सब पर है।

जल पावर कारपोरेशन लिमिटेड (जेपीसीएल) की 120 मेगावाट की रंगित–IV जलविद्युत परियोजना के अधिग्रहण के लिए अनुमोदित संकल्प योजना के कार्यान्वयन हेतु अंतिम करार पर 13.01.2021 को हस्ताक्षर किए। जैसा कि आप सभी जानते होंगे कि लैंको तीस्ता हाइड्रो पॉवर लिमिटेड (एलटीएचपीएल) के अधिग्रहण के बाद जल पावर कारपोरेशन लिमिटेड दूसरी कंपनी है जिसे हमने एनसीएलटी प्रक्रिया के माध्यम से अधिग्रहित किया है। हम अपने पोर्टफोलियो विस्तार प्रक्रिया के हिस्से के रूप में इस तरह के रणनीतिक अधिग्रहण की लगातार तलाश करते रहे हैं।

सौर ऊर्जा परियोजनाएं हमारे परियोजनाओं के पोर्टफोलियो का एक अभिन्न हिस्सा बनने जा रही हैं और बीएसयूएल इस संबंध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। दिनांक 10.01.2021 और 11.01.2021 को बीएसयूएल की मेरी यात्रा के दौरान, सीईओ, बीएसयूएल के साथ 65 मेगावाट काल्पी, 100 मेगावाट मिर्जापुर, 51 मेगावाट माधोगढ़ और 1200 मेगावाट जालौन सौर पार्क का त्वरित गति से कार्यान्वयन के लिए चर्चा की गई।

मैंनें दिनांक 02.01.2021 को नई दिल्ली में माननीय अध्यक्ष, संसदीय लोक लेखा समिति (पीएसी), संसद सदस्य (लोकसभा) श्री अधीर रंजन चौधरी से मुलाकात की। माननीय सांसद ने देश में जलविद्युत के विकास में एनएचपीसी द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की। उसी दिन, मुझे श्री राजीव रंजन सिंह (ललन), माननीय अध्यक्ष, ऊर्जा संबंधी स्थायी समिति, संसद सदस्य (लोकसभा) को एनएचपीसी की नवीनतम गतिविधियों के बारे में जानकारी देने का अवसर मिला। माननीय सांसद ने एनएचपीसी के प्रयासों की सराहना की और इन गतिविधियों में एनएचपीसी को अपने सहयोग का आश्वासन दिया।

सिक्किम स्थित एनएचपीसी परियोजनाओं की यात्रा के दौरान दिनांक 22.01.2021 को मुझे श्री सोनम लामा, माननीय ग्रामीण प्रबंधन व विकास मंत्री, सिक्किम सरकार को 520 मेगावाट की तीस्ता–IV जलविद्युत परियोजना से संबंधित विभिन्न लंबित मुद्दों के बारे में अवगत कराने का अवसर मिला। माननीय मंत्रीजी को सिक्किम में अन्य एनएचपीसी परियोजनाओं की नवीनतम स्थिति पर भी अद्यतन जानकारी प्रदान की गई, जिसमें 500 मेगावाट की तीस्ता–VI परियोजना शामिल है। माननीय मंत्रीजी ने इन परियोजनाओं को कार्यान्वित करने में एनएचपीसी को सिक्किम सरकार के निरंतर सहयोग का आश्वासन दिया है।

एनएचपीसी लिमिटेड को अपने लाभार्थियों से विलंब से प्राप्त भुगतान प्रभार की राशि पर सेवा–कर लगाने से संबंधित मामले में अपर महानिदेशक (एडजुडिकेशन), गुड्स एंड सर्विस टैक्स, नई दिल्ली से अनुकूल आदेश प्राप्त हुआ है। यह कर प्राधिकरण के समक्ष तर्कों की विस्तृत तैयारी का एक प्रमुख उदाहरण है और हमें अपने अच्छे कार्यों को जारी रखने की आवश्यकता है।

एनएचपीसी ने विद्युत मंत्रालय और पावर सीपीएसयू टीम के बीच एक दोस्ताना क्रिकेट मैच का आयोजन किया। श्री आर.के. सिंह, माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), विद्युत मंत्रालय, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय और राज्य मंत्री, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय, भारत सरकार इस अवसर पर मुख्य अतिथि थे । माननीय मंत्री ने एनएचपीसी की व्यवस्थाओं एवं इस पहल की सराहना की और कहा कि इस तरह के आयोजनों से सौहार्दपूर्ण माहौल और टीम भावना उत्पन्न होती है।

**इस महीने के अन्य मुख्य आकर्षण हैं:**

- ★ एनएचपीसी में गणतंत्र दिवस 2021 पूरे उत्साह के साथ मनाया गया।
- ★ एनएचपीसी के निगम मुख्यालय में 14 जनवरी 2021 को पर्यावरण और विविधता प्रबंधन विभाग द्वारा 'रिमोट सेंसिंग और जीआईएस लेबोरेटरी' की स्थापना की गई।
- ★ एनएचपीसी को वर्ष 2019–20 के लिए वित्तीय रिपोर्टिंग में उत्कृष्टता के लिए प्रतिष्ठित आईसीएआई पुरस्कारों में 'सिल्वर शील्ड' से सम्मानित किया गया। एनएचपीसी को 31 मार्च 2020 को समाप्त वर्ष के लिए अपनी वार्षिक रिपोर्ट एवं वित्तीय विवरण के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की संस्थाओं की श्रेणी में यह पुरस्कार मिला है।
- ★ एनएचपीसी लिमिटेड और इंडियन रिन्युबल एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी लिमिटेड (आईआरईडीए) के बीच 08.01.2021 को देश में नवीकरणीय ऊर्जा में एनएचपीसी के व्यवसाय को बढ़ाने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। जनवरी महीने के दौरान, लाभार्थियों से कुल राजस्व संग्रह 469 करोड़ रुपए हुआ ।
- ★ जनवरी, 2021 के महीने तक एनएचपीसी के सभी पावर स्टेशनों से संचयी विद्युत उत्पादन 22386 मिलियन यूनिट रहा है।

2021 के पहले महीने में, हमने संगठन के लिए कई अच्छे विकासात्मक कार्य किए और मुझे विश्वास है कि भविष्य हमारा है। मैं आने वाले वर्षों में एनएचपीसी को वैश्विक ऊर्जा दिग्गज के रूप में स्थापित करने के लिए आपके सक्रिय सहयोग और समर्पण की आशा करता हूं। एनएचपीसी को भविष्य के लिए एक परिपक्व संगठन बनाने के साझा दृष्टिकोण को प्राप्त करने के लिए हमें एक दूसरे पर निर्भर रहना चाहिए। मुझे यकीन है कि हम भावी चुनौतियों को समान मापदंड में धैर्य और दृढ़ संकल्प के साथ पूरा करेंगें।

जब कोविड–19 की स्थिति उत्पन्न हुई, तो हमें आगे की यात्रा का कोई पता नहीं था। अब जबकि महामारी से लड़ने के लिए वैक्सीन लग रहे है, यह अब पहले से भी कही अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है कि हम बदलते हालात में उत्तरदायी और चुस्त रहें, जो हम प्रत्येक दिन देखते हैं और सीखते हैं। स्वस्थ रहें और जागरूक रहें!

मैं आपको और आपके परिवार को वसंत पंचमी के त्योहार की बधाई देता हूं।

आपका,

**(ए.के. सिंह)**
**अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक**



# FROM CMD's DESK

*1st February, 2021*

***Dear Colleague,***

As an organization, through your continuous efforts we have carved a niche for ourselves in development of hydropower projects. Our growth over the years has been a cumulative outcome of the efforts of every individual associated with us. It is your willingness to adapt to the changing scenario that has helped us keep moving forward. We have been able to navigate through the ups and downs of our business journey with your support. The reputation and the name which you have created for NHPC has been due to your willingness and ability to meet, head-on, both the challenges and the opportunities and this particular characteristic of yours give me courage, confidence and hope for the future. With this unshakeable faith in your capabilities that I have been requesting Ministry of Power and other State Governments for providing us with new Projects. Now, that we are getting new businesses and opportunities to flourish as an organization, I am sure that you will surpass the previous achievements and excel like never before.

The New Year has begun on an auspicious note for NHPC. In a historic moment, MoUs were signed with JKSPDC on 03.01.2021 for execution of 5 Projects with total installed capacity of 4134 MW. Out of these 5 Projects, 1856 MW Sawalkot, 240 MW Uri-1 (Stage-II) and 258 MW Dulhasti (Stage-II) shall be implemented by NHPC, while 930 MW Kirthai-II is to be developed by CVPPPL and the 850 MW Ratle Hydroelectric Power Project is going to be constructed by a Joint Venture between NHPC and JKSPDC. Government is showing renewed confidence on us. Now we don't have dearth of new Projects, what we need from each one of us is commitment, sincerity and dedication for completing these Projects on time. If we continue to follow this approach, we all will have a bright and fulfilling future. Our team at Corporate Office involved in obtaining clearances for Projects is doing good work and I am hopeful that all the requisite clearances from CEA/ MOP and other offices for the 500 MW Dugar H E Project shall be obtained within two months' time.

The Union Cabinet on 20.01.2021 accorded investment approval of Rs. 5281.94 crore for implementation of 850 MW Ratle Hydroelectric (HE) Project. Now, the onus is on us to showcase our technical and managerial capabilities and execute the project within the scheduled time frame of 60 months.

The Definitive Agreement for implementation of the Approved Resolution Plan for takeover of 120 MW Rangit-IV HE Project of Jal Power Corporation Limited (JPCL) was signed on 13.01.2021. As you must be aware, Jal Power Corporation Limited is the second company after Lanco Teesta Hydro Power Ltd (LTHPL) which we have acquired through NCLT route. We are constantly looking for such strategic acquisitions as part of our portfolio building process.

Solar Power Projects are going to be an integral part of our portfolio of projects and BSUL shall be playing a critical role in this regard. During my visit to BSUL on 10.01.2021 and 11.01.2021, discussions were held with CEO, BSUL for fast tracking implementation of 65 MW Kalpi, 100 MW Mirzapur, 51 MW Madhogadh and 1200 MW Jalaun Solar Park.

On 02.01.2021, I met Shri Adhir Ranjan Chowdhury, Hon'ble Chairperson, Parliamentary Public Accounts Committee (PAC), Member of Parliament (Lok Sabha) in New Delhi. Hon'ble MP appreciated critical role played by NHPC in development of hydropower in the country. On the same day, I got the opportunity to brief Shri Rajiv Ranjan Singh (Lalan), Hon'ble Chairperson, Standing Committee on Energy, Member of Parliament (Lok Sabha) about the latest activities of NHPC. Hon'ble MP appreciated NHPC's efforts and assured his support to NHPC in its activities.

The visit to NHPC Projects in Sikkim provided me an opportunity on 22.01.2021 to apprise Shri Sonam Lama, Hon'ble Minister of Rural Management & Development, Govt. of Sikkim about various pending issues related to 520 MW Teesta-IV HE Project. Hon'ble Minister was also updated on the latest status of other NHPC projects in Sikkim including 500 MW Teesta-VI Project. Hon'ble Minister has assured of continued support of Govt. of Sikkim to NHPC in implementing these projects.

NHPC has received favorable Order from the Additional Director General (Adjudication), Goods and Service Tax, New Delhi in the case relating to levy of Service Tax on the amount of Late Payment Charges received by NHPC Limited from its Beneficiaries. This is a prime example of detailed preparation for arguments before the tax authority and we need to keep our good work going.

NHPC organized a friendly cricket match between Ministry of Power and Power CPSUs team. Shri R K Singh, Hon'ble Union Minister of State (I/c), Ministry of Power, Ministry of New and Renewable Energy and Minister of State, Ministry of Skill Development and Entrepreneurship, Government of India was the Chief Guest on the occasion. Hon'ble Minister appreciated the arrangements and initiatives of NHPC and said that such events play key role in generating camaraderie and team spirit.

**Other highlights of the month are:**

- ★ Republic Day 2021 was celebrated across NHPC with great enthusiasm.
- ★ Remote Sensing and GIS Laboratory' was established by Environment and Diversity Management Division at NHPC Corporate Office on 14th January 2021.
- ★ NHPC was awarded 'Silver Shield' at the prestigious ICAI Awards for Excellence in Financial Reporting for 2019-20. NHPC has received this award under the category of Public Sector Entities for its Annual Report and Financial Statement for year ended 31st March 2020.
- ★ An MoU was signed on 08.01.2021 between NHPC Limited and Indian Renewable Energy Development Agency Ltd. (IREDA) with a view to increase NHPC's footprint in renewable in the country.
- ★ During the month of January, total revenue collection from the beneficiaries was Rs. 469 crore.The cumulative generation of all NHPC power stations till the month of January, 2021 stands at 22386 MUs.

In the first month of 2021, we witnessed many good developments for the organization and I am certain that the future is ours. I seek all your sincere cooperation and dedication to establish NHPC as a global energy giant in the years to come.  To achieve the shared view of making NHPC a future ready organization, we need and depend on one another. I am sure that challenges ahead for us will be met with grit and determination in equal measure.

When the COVID 19 situation arose, we had no idea of the journey that lay ahead. As the vaccines start to make inroads against the pandemic, it is more important than ever that we be responsive and agile in a changing situation by paying close attention to what we observe and learn each day. Stay healthy and stay aware!

I convey my greetings to you and your family on the occasion of Vasant Panchami.

Sincerely yours,

**(A. K. Singh)**
**Chairman & Managing Director**